Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)




अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# भक्तों के लिए 4 मई से खुलेंगे बाबा केदार के द्वार

**दर्शन**

## उत्तराखंड के 10 ग्रीन जोन वाले जिलों के श्रद्धालु कर सकेंगे केदारनाथ दर्शन: मुख्यमंत्री

- ■राज्य के कुल 13 में से 10 जिले ग्रीन जोन में हैं
- ■दो जिले ऑरेंज जोन में और सिर्फ एक जिला रेड जोन में है



**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि राज्य के वे 10 जिले, जो ग्रीन जोन में हैं, उन्हें 4 मई से पूरी तरह खोल दिया जाएगा। एक टीवी चैनल को दिए गए इंटरव्यू में कहा कि इन 10 जिलों के लोग केदारनाथ धाम में दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान दिया जाएगा।

केंद्र सरकार की सूची के मुताबिक, उत्तराखंड के कुल 13 जिलों में 10 जिले ग्रीन जोन में हैं। दो जिले ऑरेंज जोन में हैं और सिर्फ एक ही जिला रेड जोन में है। इसी को ध्यान में रखते हुए सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि 4 मई से लॉकडाउन का तीसरा चरण जब शुरू होगा तो 10 जिलों को पूरी तरह से खोल दिया जाएगा।

**हम 2013 की तबाही से उबरे, कोरोना से भी उबरेंगे**

चार धाम यात्रा के बारे में सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा, श्हम चाहते हैं कि लोग इन धार्मिक स्थलों की यात्रा करें। हम यह देखकर फैसले लेंगे कि चीजें किस तरह से बेहतर हो रही हैं। हम यही कामना करेंगे कि धार्मिक स्थल सुरक्षित रहें और लोगों के मन में कोई डर ना हो। राज्य ने 2013 में तबाही देखी है और उससे उबर चुका है। हम कोरोना की महामारी से भी उबरेंगे।

**10 जिले खोले जाने से होगी काफी आसानी**

इससे पहले 29 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट विधि विधान से पूजा–अर्चना करने के बाद खोल दिए गए। बदरीनाथ धाम के कपाट 15 मई को खुलने के साथ ही चारों धामों के कपाट खुल जाएंगे। 10 जिलों को खोले जाने के बाद ना सिर्फ श्रद्धालुओं को आसानी होगी बल्कि लॉकडाउन के कारण घर बैठे कामगार भी रोजगार पर वापस लौट सकेंगे।

### ऑरेंज जोन में आने के बाद दून में खुल सकेंगे कार्यालय, बढ़ेगा छूट का दायरा

देहरादून। 22 मार्च से निरंतर लॉकडाउन में चल रहे देहरादून के लिए राहत और बढ़ गई है। रेड जोन से ऑरेंज जोन में आने के बाद अब दून में सभी तरह के कार्यालय भी खुल सकेंगे। हालांकि, दून के सभी कंटेनमेंट जोन अभी रेड जोन में ही रहेंगे।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि ऑरेंज जोन में कार्यालय खोलने की छूट दी गई है। साथ ही इस छूट के दायरे में विभिन्न तरह के व्यापारिक प्रतिष्ठान भी आएंगे। मगर, इनका दायरा कितना विस्तृत होगा, इसको लेकर केंद्र सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन का इंतजार किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### जवानों के निधन पर जताया शोक

**संवाददाता** पिथौरागढ। गोलीबारी में शहीद हुए कुमाउ रेजीमंट के जवानों की शहादत पर मुख्यालय की विधायिका चन्द्रा पंत व डीडीहाट के विधायक बिशन सिह चुफाल व गंगोलीहाट क्षेत्र की विधायक मीना गंगोला ने दुख जताया है। बता दें कि दानों जवानों की शुक्रवार को पाकिस्तान द्वारा की गई भारी गोलाबारी में गोली लगने से मौत हो गई। वही जानकारी के मुताबिक गंगोलीहाट से विधायक मीना गंगोला ने शहीद हुए जवान शंकर सि हके घर में पहुंचकर दनके परिववार वालों को ऐसे समय में ढाढस बधाया। वही राज्य सरकार द्वारा उनके परिवार वालों को हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा भी दिलाया। वही बता दें कि डीडीहाट के विधायक बिशन सिह चुफाल ने भी शहीद हुए मुसयारी गांव के गोकर्ण सिह के परिवार वालों के जाकर जवान के परिवार वालों को ढाडस बधाया है। वही अलाके के लोगों ने भी गोलाबारी में शहीद हुए दोनों के बलिदान को भी याद किया है।

### सीआरपीएफ में एडीजी बने कुंवर सिह

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत तहसील डीडीहाट के खेतार गांव निवासी कुवर सिंह भंडारी को सेंट्रल रिजर्व पुलिस बल फोर्स में पुलिस महानिरीक्षक पद से अपर महानिदेशक पद पर पदोनति मिलि हैं वही बता दें कि भंडारी की पदोन्नति मिलने पर दनके ग्रह क्षेत्र में खुशी की लहर है। भंडारी वर्ष 1984 में पहले ही प्रयास में असिस्टेट कंमाडेट के पद पर नियुक्त हुए। बता दें कि वे आज अपनी कडी मेहनत के बल पर एडीजी के पद पर पहुचे है। कुंवर सिह भंडारी अनुशासन प्रिय होने के साथ कामयाब उच्च अणिकारी के कौर पर देखे जाते है। वर्तमान में वह बांतरिक सुरक्षा अकादमी माउंट आबू राजस्थन में तैनात है। अपने सेवाकाल में वे राष्ट्रपति पुरूस्कार से नवाजे जा चुके है।

### इंटरटेनमेंट के लिए पुराने समय के लोक प्रिय कॉन्टेंट को प्राथमिकता दे रहे लोग

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के मद्देनजर लागू किये गए लॉकडाउन में मनोरंजन के लिए देशवासी पुराने समय के मनोरंजक और लोक प्रिय कॉटेंट को प्राथमिकता दे रहे हैं। पुरानी यादों को ताजा करना और उन पलों को पुनः जीना एक चलन बन गया है। कुछ ऐसा ही चलन एयरटेल एक्स–स्ट्रीम ऐप पर उपयोगकर्ताओं के बीच देखा गया है। एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्रीमियम डिजिटल कॉटेंट प्रदान करने वाला भारत का पहला वीडियो नेटवर्क है। लोगों के बीच लोक प्रिय एयरटेल ऐप 10ए000 से अधिक शो और 400 से अधिक टीवी चौनल देखने की सुविधा प्रदान करता है। मार्च 2020 के मध्य तक ऐप पर स्ट्रीमिंग वीडियो की संख्या 50 प्रतिशत तक बढ़ गई, लेकिन इस प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ताओं के बीच पुराने शो और फिल्मों को लेकर मांग में काफी उछाल देखा गया है।



### मैक्स हॉस्पिटल ने शहर में वितरित किये फूड पैकेट्स

**संवाददाता** देहरादून। कोरोनोवायरस के प्रकोप के मद्देनजर देशव्यापी लॉकडाउन के बीच मैक्स अस्पताल, देहरादनू ने पूरे शहर में हजारों वंचितों को खाना खिलाने की सामुदायिक पहल की, जिसे बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला। इस अवसर पर शुरू हुई यह पहल बेहद सफल रही।

इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून के उपाध्यक्ष और यूनिट हेड डॉ. संदीप सिंह तंवर ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड–19 के प्रकोप में लॉकडाउन अवधि बढ़ने से वंचित श्रेणी के कई लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। इसके तहत तीन दिनों में शहर भर में 25 हजार फूड पैकेट्स वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत फूड पैकेट्स मोदी किचन, राजपुर, गुरुद्वारा किचन, नेहरु कॉलोनी, करणपुर कोहली किचन, पटले नगर में यूनाइटडे सिक्ख फेडरेशन, क्लॉक टॉवर में पॉवर ऑफ टुगेदरनेस, देहरादून ई–नेट सॉल्युशंस प्रा. लि., आईएसबीटी ट्रांसपोर्ट नगर और जनता किचन, रेसकोर्स इलाके में वितरित किए गए।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने बांटे खाद्यान्न किट

**संवाददाता**

देहरादून। विधानसभा राजपुर के अंतर्गत कांग्रेसजनों ने डिस्पेंसरी रोड़ स्थित राजीव गांधी बहुउददेशीय काम्पलैक्स में कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के खिलाफ किये जा रहे राहत व बचाव को लेकर क्षेत्र के पचास से अधिक लोगों को खाद्यान्न किट वितरित किये और इसके अलावा कई लोगों को सेनिटाइजर, मॉस्क, ग्लब्स, साबुन जरुरतमन्द लोगों को वितरित किये और इस अवसर पर उन्होंने इस महामारी से बचाव की भी जानकारी दी और कहा कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर किसी भी दशा में न निकलें।

**अनावश्यक रूप से घरों से बाहर किसी भी दशा में न निकले**

डिस्पेंसरी रोड पर पूर्व विधायक राजकुमार एवं व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष सुनील बागा के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह मुख्य अतिथि थे।

इस अवसर पर लोगों को खाद्यान्न किट बांटते हुए प्रीतम सिंह ने कहा है कि कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार जरूरतमंदों, असहायों, गरीबों एवं मजदूरों को लगातार खाद्यान्न किट बांट रही है और जिससे उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा न हो सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से जगह जगह पर सोनिया रसोई एवं इंदिरा अम्मा किचन के माध्यम से जरूरतमंदों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है और लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस महामारी से निपटने के लिए सरकार के साथ है लेकिन सरकार की ओर से विपक्ष के साथ लगातार उनकी अनदेखी की जा रही है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा।

इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल चंद शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के इस संकट के दौर में कांग्रेसजन पूरी ताकत के साथ जरूरतमंदों, गरीबों, असहायों एवं मजदूरों की सेवा में जुटी हुई है और उन्हें भोजन, राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है।

### जवानों के शहीद होने पर जताया दुःख, दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजू मौर्य ने श्रीनगर के बारामूला में पाकिस्तान से हुई गोलीबारी में भारतीय सेना के दो जवानों के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

यहां जारी एक बयान में मौर्य ने शहीद हुए कुमाऊं रेजिमेंट के जवान शंकर सिंह महरा एवं जवान करण सिंह चुफाल की शहादत पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त की है। मौर्य ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमे अपने जवानों की बहादुरी पर गर्व है।

उन्होंने कहा कि जवानों ने दुश्मनों से मुकाबला करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर किया। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने जवानों के हौसले को नमन करते हुए कहा कि वह शहीदों के परिजनों के साथ दृढ़ता के साथ खड़े है। जानकारी के मुताबिक श्रीनगर के बारामूला में पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी का जवाब देते हुए कुमाऊँ रेजीमेंट में तैनात जवान शंकर सिंह माहरा और करण सिंह चुफाल शहीद हो गए। कुमाऊँ रेजीमेंट में रहने वाले यह दोनों जवान पिथौरागढ़ जिले के हैं।